Regarding refund of money to people who invested in Sahara India Company-Laid

श्रीपुष्पेंद्र सरोज **(**कौशाम्बी**) :**सहारा इंडिया कंपनी में लगभग 25 वर्षों से अभिकर्ताओं के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में जमा धनराशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जमा कर्ताओं को धनराशि न मिलने से जमाकर्ताओं एवं अभिकर्ताओं के मध्य लड़ाई झगड़ा हो रहा है कतिपय जमाकर्ताओं द्वारा आत्महत्या कर ली गई है। सहारा इंडिया के कार्य पर प्रतिबंध से लाखों अभिकर्ता बेरोजगार हो गए हैं। उपरोक्त भुगतान के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा एक पोर्टल जारी करके ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भुगतान करने का आश्वासन दिया गया, परंतु एक प्रतिशत ही भुगतान किया गया। अतः कृपया जनहित में सहारा इंडिया की समस्त सोसाइटी/समिति योजनाओं की जमा धनराशि का भुगतान किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या सहारा इंडिया के कार्यालयों के माध्यम से करने के आदेश देने की कृपा करें।